nt>
Title: Demand to develop Rura and Panki railway station in Kanpur and need to take steps to halt the trains at Rura, Swarajpur and Rawatpur railway station in Uttar Pradesh.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में कानपुर देहात जनपद लगभग दस वर्ष पूर्व गठित किया गया, जिसका मुख्यालय माती में खोला जा चुका है। उसका अभी तक कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। वहां रुरा स्टेशन है, जो हावड़ा दिल्ली लाईन के ऊपर है। यहां ४०० औद्योगिक इकाइयां जैनपुर इंडस्ट्रियल स्टेट और रनिया इंडस्ट्रियल स्टेट में हैं। मैंने सरकार से मांग की है कि रूरा रेलवे स्टेशन का विकास करके उसको कानपुर देहात का प्रमुख रेलवे स्टेशन बनाया जाए। जब तक वहां यह नहीं किया जाता है तब तक अनिवार्य रूप से मूरी एक्सप्रेस का वहां ठहराव किया जाए।

महोदय, मेरा एक निवेदन और है, वहां एक पनकी रेलवे स्टेशन है जो कानपुर महानगर के अंतर्गत आता है। वहां की आबादी इस समय ४० लाख से ऊपर लै। इसलिए पनकी रेलवे स्टेशन को कानपुर महानगर का उपनगरीय स्टेशन घोषित करके उसका विकास किया जाए। उसके प्लेटफार्म अभी बहुत नीचे हैं उनको ऊंचा किया जाए। पनकी से लेकर उन्नाव तक एक लोकल ट्रेन चलाई जाए।

... (व्यवधान)

छोटी लाईन के ऊपर शिवराजपुर में पवन एक्सप्रेस रोकी जाए और रावतपुर में जो मरुधर एक्सप्रेस चलती है उसका ठहराव किया जाए तो नागरिकों को काफी लाभ मिलेगा। मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपया वे इन सुझावों पर अविलम्ब कदम उठाएं।